निविदा की शर्तें

निर्माण कार्यों में नियोजित मैदानी क्षेत्र के निर्माण श्रमिकों को साईकिल की आपूर्ति हेतु निविदा की शर्तें निम्न प्रकार होंगी :-

1– साईकिल संबंधी तकनीकी निविदा एवं वित्तीय निविदा के पृथक–पृथक सील बन्द लिफाफे में एक बड़े लिफाफे में सील बन्द कर दिनांक 14.06.2016 के अपरान्ह 05:00 बजे तक श्रम आयुक्त, उत्तराखण्ड, हल्द्वानी के कार्यालय में रखे गये ड्राप बाक्स में जमा करायी जायेंगी, प्राप्त समस्त निविदाओं में से सर्वप्रथम तकनीकी निविदा दिनांक : 15.06.2016 को पूर्वाह्न 11:00 बजे सार्वजनिक रूप से उपस्थित निविदादाताओं/प्रतिनिधियों के सम्मुख विभागीय निविदा कमेटी द्वारा खोली जायेंगी, जिसके सफल होने पर ही वित्तीय निविदा पर विचार किया जाएगा।

2– निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपया 568/–(रूपया 500 + 13.5% वैट) तथा धरोहर धनराशि रूपया 7,00,000/– (रूपया सात लाख मात्र) जमा किया जाना आवश्यक होगा। इनको जमा न करने की दशा में निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी तथा अस्वीकार कर दी जायेगी।

4– धरोहर की धनराशि केवल बैंक ड्राफ्ट के रूप में ही स्वीकार की जायेगी। बैंक ड्राफ्ट श्रम आयुक्त/सचिव, उत्तराखण्ड भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड, हल्द्वानी के पदनाम से बनवाया गया होना चाहिये तथा हल्द्वानी में देय होना चाहिये। किसी अन्य माध्यम से धनराशि जमा नहीं की जायेगी तथा यदि धनराशि जमा की गई है तो उसे स्वीकार नहीं किया जायेगा एवं इस प्रकार की निविदा भी स्वीकार नहीं की जायेगी।

5– निविदादाता व्यक्ति/फर्म का विगत 02 वर्ष का टर्न ओवर प्रति वर्ष रूपया 70 लाख से कम नहीं होना चाहिए। **(बैलेन्स शीट संलग्न किया जाना आवश्यक है)**

6– क्रय की जाने वाली सामग्री की अनुमानित लागत लगभग रूपया 3 करोड़ सम्भावित है।

7– निविदादाता फर्म के पास फाईनेन्सियल विड में अंकित की गई साईकिल निर्माता कम्पनियों की 01 वर्ष पुरानी डीलरशिप होनी आवश्यक है, जिस कम्पनी की आपूर्ति हेतु निविदादाता द्वारा निविदा प्रस्तुत की जा रही है।

श्रम आयुक्त हल्द्वानी उत्तराखण्ड

उप श्रम आयुक्त उत्तराखण्ड
हल्द्वानी.